# न्यायालय, नीलाम पत्र पदाधिकरी, लोहरदगा।
# (नीलाम पत्र शाखा)

**वाद संख्या 04/05–06, टी0आर0 न0 119/20–21**

**कार्यपालक अभियंता, लोहरदगा – अधियाची विभाग**
**बनाम**
**मो0 आबिद हुसैन, पिता–स्व0 रहिम हुसैन, ग्राम–पावरगंज, लोहरदगा। देनदार**

**अभिलेख उपस्थापित।**

14/6/21

**<u>आदेश</u>**

यह नीलाम पत्र वाद कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल, लोहरदगा बिजली विपत्र/बिल राशि भुगतान नही करने पर 12534 रूपये के विरूद्ध देनदार मो0 आबिद हुसैन, पिता–स्व0 रहिम हुसैन, ग्राम–पावरगंज कॉलटेक्स पम्प के सामने, लोहरदगा के विरूद्ध **मो0 18405/–** रूपये पर किया गया है।

नीलाम पत्र वाद धारा 5 के अन्तर्गत दायर करने के पश्चात् धारा 7 के अन्तर्गत दिनांक 29.1.06 को निर्गत किया गया। अधियाची विभाग की ओर से अधिवक्ता की उपस्थिति 2013 तक होता रहा किन्तु देनदार कभी उपस्थित नहीं हुए कार्यालय पत्रांक 86/13.7. 16, 167/30.12.16, 16/19.1.18 द्वारा भी नोटिस भेजा गया किन्तु तामिला प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुए। अधियाची विभाग के अधिवक्ता के अनुरोध पर पत्रांक 40/25.01.17 एवं 54/23.02.18 द्वारा बॉडी वारंट निर्गत किया गया। बॉडी वारंट निर्गत होकर तामिला हेतु थाना प्रभारी, लोहरदगा को भेजा गया जिसके अनुपालन में थाना प्रभारी, लोहरदगा 11.03.19 को अन्जुमन इस्मालिया, लोहरदगा के सचिव द्वारा देनदार के मृत्यु संबंधी प्रमाण पत्र दिया। सचिव के द्वारा लिखा गया कि देनदार हुसैन की मृत्यु 21 मार्च 1996 को ही हो गया।

थाना प्रभारी के संबंधी प्रमाण पत्र समर्पित करने के पश्चात कार्यालय पत्रांक 19, दिनांक 03.10.19 द्वारा कार्यालय अभियंता विद्युत

(15)

| | |
|---|---|
| | प्रमण्डल, लोहरदगा को देनदार के उत्तराधिकारी एवं स्पष्ट नाम पता देने हुए अनुरोध /निदेश दिया गया। इसके वावजूद भी को अनुपालन अधियाची विभाग द्वारा नहीं किया गया।<br><br>पुनः कार्यालय पत्रांक 82, दिनांक 24.12.2020, पत्रांक 89, दिनांक 08.02.2021 तथा 222/24.03.2021 द्वारा स्मारित किया गया किन्तु इसके वावजूद भी अधियाची विभाग द्वारा कोई कार्रवाई/अनुपालन नहीं किया जा रहा है। जिससे अधियाची विभाग की अभिरूचि स्पष्ट होती है।<br><br>अतः उपरोक्त परिस्थिति में इस वाद को चलाना न्यायालय के समय की वर्वादी है। जिस कारण इस वाद को पी0डी0आर0 एक्ट की धारा 53 (2) के अन्तर्गत कार्रवाई खारिज/समाप्त किया जाता है। आदेश की प्रति अधियाची विभाग को भेजें।<br><br>सत्यापित/लेखापित<br><br>जिला नीला पत्र पदाधिकारी,<br>लोहरदगा |

Digitally signed by JITENDRA MUNDA
Date: 2024.06.27 13:17:44 +05:30
Location: 10.93.49.26

Scanned with OKEN Scanner